**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.11.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे**

अधिसूचना

प्रदेश सरकर ने अनुबंध कर्मियों को 15 दिन के पितृत्व अवकाश देने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। 20 फरवरी 2025 से पहले नियुक्त अनुबंध कर्मियों को अब 15 दिन का पितृत्व अवकाश मिल सकेगा। कार्मिक विभाग ने कल इस बारे में प्रशासनिक सचिवों विभागा अध्यक्षों, उपायुक्तों और निगमों–बोर्डों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश जारी कर दिए हैं। यह आदेश प्रदेश उच्च न्यायालय के अनुपालन में तहत बीते दिनों हुई प्रदेश मंत्रिमडल की बैठक में लिया गया है।

आकाशवाणी संगीत सम्मेलन

प्रसार भारती आज से संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आकाशवाणी संगीत सम्मोलन के 67वें संस्करण का आयोजन कर रहा है। ये सम्मेलन 29 नवंबर तक चलेगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि आकाशवाणी संगीत सम्मेलन की शुरूआत वर्ष 1954 में हुई थी और ये भारत की प्रख्याात सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने सम्मेलन की जानकारी देते हुए बताया कि कोविड–19 महामारी के कारण कुछ अंतराल के बाद ये महोत्सव नए स्वरूप में लौट रहा है। इस वर्ष के सम्मेलन में प्रत्येक केंद्र पर दो कार्यक्रम होंगे। इनमें से एक भारतीय शास्त्रीय य संगीत और दूसरा लोक संगीत को समर्पित होगा।

किन्नौर महोत्सव

चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव का भव्य समापन आज रिकांगपिओ में किया जाएगा। समापन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के शिरकत करने की संभावना है। कार्यक्रम के तहत दोपहर 12 बजे विशाल नाटी का आयोजन भी किया जाएगा। राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव में प्रदेश के साथ–साथ देशभर से आए कलाकारों ने लोक नृत्य, लोकगीत और पारंपरिक प्रस्तुतियों से लोगों का खूब मनोरंजन किया।

जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कल राजकीय महाविद्यालय चम्बा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिमाचल प्रदेश पुलिस सतर्कता विभाग के उत्तर क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक बलबीर ठाकुर ने भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सभी नागरिकों के सक्रिय समर्थन और भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह 'सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा व नशे के सौदागरों से बचाना समाज के सभी वर्गों का कर्तव्य है ताकि राष्ट्र के कर्णधारों को नशे के दलदल से बाहर निकाला जा सके।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण का शीर्षक है–चिट्टे का होगा समूल नाश, प्रदेश में 3 माह तक चलेगा अभियान। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–नशे के खिलाफ राज्य सरकार का बड़ा प्रहार, पंचायत स्तर तक निकालेंगे एंटी चिट्टा रेली।

अमर उजाला की सुर्खी है–मेयर–डिप्टी मेयर का कार्यकाल बढ़ाने को अध्यादेश लाई सरकार, राजभवन की मंजूरी।

पेंशन को काउंट होगी दिहाड़ीदारी–सुक्खू सरकार ने 15 मई 2003 के बाद रेगुलर हुए क्लास–फोर को दिया बड़ा तोहफा दिव्य हिमाचल की एक खबर है।

मौसम पर पंजाब केसरी लिखता है–4 और 5 नवम्बर को बारिश व बर्फबारी के आसार।

————————